डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

आभासी सतर्कता जागरूकता दिवस 2021

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई ने दिनांक 29.10.2021 को आभासी मंच पर सतर्कता जागरूकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया । सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, जवाबदेही और अखंडता को बढ़ावा देने के अपने प्रयास में केंद्रीय सतर्कता आयोग, देश की सर्वोच्च अखंडता संस्था भ्रष्टाचार के खिलाफ़ लड़ाई को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन की घोषणा करता रहा है । सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंति के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्हें उच्च सत्यनिष्ठा के व्यक्ति के रूप में जाना जाता है । इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन का विषय 'स्वतंत्र भारत@75, सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भता' था ।

कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्रोच्चारण से हुई। विद्यार्थियों ने तमिल के पारंपरिक 'विल्लुपाट्टु' का मनमोहक प्रदर्शन किया, जिसने यह संदेश दिया कि भारत को भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र कैसे बनाया जाए । छात्राओं ने 'अपमिश्रण बंद करो' के ज्वलंत प्रदर्शन ने मिलावट के दुष्प्रभावों के बारे में बताया । कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यार्थियों ने अपने मनमोहक भावों और रंग–बिरंगे परिधानों के साथ अपने संगीतमय स्वरों से सभी को मंत्रमुग्ध करने वाली एक कव्वाली प्रस्तुत की, जिसमें आत्मनिर्भरता और विकास के लिए प्रयास कर भारत को एक सूपर पावर राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से भ्रष्टाचार, पक्षपात आदि सामाजिक बुराइयों को दूर करने पर प्रकाश डाला गया ।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्रों ने विचारोत्तेजक 'म्जूजिकल माइम' द्वारा हर समय सतर्क रहने और हमारे दिमाग को रिश्वत और भ्रष्टाचार जैसे नकारात्मक विचारों से बचाने और ईमानदारी युक्त जीवन जीने के तरीके पर कुछ दृश्यों का चित्रण किया । सभी कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से सभी कार्यों को करने का आश्वासन देते हुए सत्यनिष्ठा शपथ ली गई । धन्यवाद ज्ञापन और शांति पाठ के साथ समारोह का समापन हुआ ।

मंत्रमुग्ध करने वाली कव्वाली प्रस्तुति